पाक्षिक समाचार

# सम्पर्क

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली

खण्ड–XXX अंक–16 31 अगस्त, 2025

## निदेशक की नई टीम

### संकायाध्यक्षों / सह संकायाध्यक्षों की नियुक्तियां / विस्तार

कुलसचिव कार्यालय से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/AREG/4(3)/2025/441267 दिनांक 29.08.2025 के अनुसार निदेशक महोदय ने 01 सितम्बर, 2025 से निम्नलिखित संकायाध्यक्षों / सह संकायाध्यक्षों की नियुक्ति / विस्तार किया हैः–

#### संकायाध्यक्ष

| क्रम.सं. | पद | नाम / विभाग / केन्द्र / स्कूल | अवधि (तक) | अभियुक्तियाँ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | संकायाध्यक्ष (शैक्षणिक) | प्रो. सी.टी. धन्या<br>सिविल एवं पर्यावरणीय इंजीनियरी | 31.08.2027 | **नव नियुक्ति** |
| 2. | संकायाध्यक्ष (विविधता और समावेशन) | प्रो. दीपक कुमार<br>कार्ट | 31.08.2027 | |
| 3. | संकायाध्यक्ष (संकाय) | प्रो. सिद्धार्थ पाण्डेय<br>रसायन विज्ञान | 31.06.2027 | **पहले से ही अधिसूचित** |
| 4. | संकायाध्यक्ष (अन्तरराष्ट्रीय कार्यक्रम) | प्रो. अनिल वर्मा<br>रासायनिक इंजीनियरी | 14.04.2027 | |
| 5. | संकायाध्यक्ष (अनुसंधान एवं विकास) | प्रो. अश्विनी के. अग्रवाल<br>वस्त्र एवं रेशा इंजीनियरी | 31.03.2027 | |
| 6. | संकायाध्यक्ष (अल्युमनी संबंध) | प्रो. निलांजन सेनरॉय<br>विद्युत इंजीनियरी | 31.12.2026 | |
| 7. | संकायाध्यक्ष (अवसंरचना) | प्रो. दीप्ति रंजन साहू<br>सिविल एवं पर्यावरणीय इंजीनियरी | 31.08.2026 | |
| 8. | संकायाध्यक्ष (छात्र कार्य) | प्रो. बी.के. पाणिग्रही<br>विद्युत इंजीनियरी | 31.08.2026 | |
| 9. | संकायाध्यक्ष (कार्पोरेट संबंध) | प्रो. प्रीति रंजन पाण्डा<br>कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी | 02.04.2026 | |
| 10. | संकायाध्यक्ष (योजना) | प्रो. विवेक वी. बुवा<br>रासायनिक इंजीनियरी | 31.08.2026 | **01.09.2025 से एक वर्ष का विस्तार** |

#### सह संकायाध्यक्ष


| क्रम.सं. | पद | नाम | अवधि (तक) | अभियुक्तियाँ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सह संकायाध्यक्ष शैक्षणिक (पाठ्यक्रम) | प्रो. अभिजीत राज<br>रासायनिक इंजीनियरी | 31.08.2027 | **नव नियुक्ति** |
| 2. | सह संकायाध्यक्ष शैक्षणिक (स्नातकोत्तर अनुसंधान) | प्रो. सुप्रीत सिंह बहगा<br>यांत्रिक इंजीनियरी | 31.08.2027 | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3. | सह संकायाध्यक्ष<br>अवसंरचना–(विद्युत) | प्रो. शेषण श्रीरंगराजन<br>विद्युत इंजीनियरी | 31.08.2026 | **पहले से ही अधिसूचित** |
| 4 | सह संकायाध्यक्ष<br>अवसंरचना–(नवीनीकरण) | प्रो. श्री हर्षा कोटा<br>सिविल एवं पर्यावरणीय इंजीनियरी | 10.12.2025 | |
| 5 | सह संकायाध्यक्ष<br>अवसंरचना–(अनुरक्षण) | प्रो. अमित गुप्ता<br>यांत्रिक इंजीनियरी | 31.08.2026 | |
| 6 | सह संकायाध्यक्ष<br>छात्र कार्य (छात्र गतिविधियाँ) | प्रो. एस. प्रद्युमन<br>अनुप्रयुक्त यांत्रिकी | 31.08.2026 | |
| 7 | सह संकायाध्यक्ष<br>छात्र कार्य (छात्रावास प्रबन्धन) | प्रो. प्रबल तालुकदार<br>यांत्रिक इंजीनियरी | 31.08.2026 | |
| 8 | सह संकायाध्यक्ष<br>छात्र कार्य (छात्र कल्याण) | प्रो. श्रीदेवी उपाध्यायुला<br>रासायनिक इंजीनियरी | 15.03.2026 | |
| 9. | सह संकायाध्यक्ष<br>(अनुसंधान एवं विकास) | प्रो. राजेन्द्र सिंह<br>भौतिकी | 31.03.2026 | |
| 10. | सह संकायाध्यक्ष (संकाय) | प्रो. शुचि सिन्हा<br>प्रबंध अध्ययन | 31.08.2026 | |
| 11. | सह संकायाध्यक्ष, शैक्षणिक<br>(आउटरीच एवं नई पहले) | प्रो. शिल्पी शर्मा<br>जैव चिकित्सा इंजी. एवं जैव प्रौद्योगिकी | 30.11.2026 | |

## आरोग्य स्वास्थ्य वार्ता श्रृंखला का सफल आयोजन (सत्र–5)

### मोटापा और चयापचय विकारः वसा और मांसपेशियों की अन्योन्यक्रिया




भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली, अस्पताल एवं स्वास्थ्य सेवाएं से प्राप्त विज्ञप्ति संख्या IITD/2025/KHOS दिनांक 21.08.2025 के अनुसार आई.आई.टी. दिल्ली अस्पताल और अकादमिक आउटरीच कार्यालय की व्याख्यान श्रृंखला का पांचवाँ सत्र **'मोटापा और चयापचय विकारः वसा और मांसपेशियों की अन्योन्यक्रिया''** डॉ. नवल के. विक्रम (प्रोफेसर, चिकित्सा विभाग, एम्स दिल्ली एवं सह संकायाध्यक्ष परीक्षाएं) के विशेषज्ञ व्याख्यान के साथ 13 अगस्त, 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

आरोग्य स्वास्थ्य वार्ता श्रृंखला के इस सत्र में डॉ. विक्रम ने चयापचय विकारों को बढ़ावा देने में वसा ऊतक और मांसपेशियों के बीच जटिल संबंध; दुष्क्रियात्मक वसा द्वारा इंसुलिन प्रतिरोध और चयापचय सिंड्रोम को ट्रिगर करना; मांसपेशियों की चयापचय नियामक के रूप में सुरक्षात्मक भूमिका और इन स्थितियों से निपटने के लिए जीवनशैली एवं नैदानिक हस्तक्षेपों पर प्रकाश डाला।

इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तरी सत्र में प्रतिभागियों ने फैड डाइट से लेकर आनुवंशिकी की भूमिका तक के विषयों पर विचारशील प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. विक्रम ने प्रमाण–आधारित स्पष्टता के साथ जवाब दिया। डॉ नवल के. विक्रम को उनके विशेषज्ञ ज्ञान के लिए, प्रतिभागियों को उनके द्वारा पूछे गये सार्थक प्रश्नों के लिए, आई.आई.टी दिल्ली अस्पताल एवं अकादमिक आउटरीच टीम विशेष आभार व्यक्त करती है।

आई.आई.टी दिल्ली अस्पताल एवं अकादमिक आउटरीच कार्यालय सभी प्रतिभागियों, विशेषकर डॉ. यासमीन का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने इस सत्र को ज्ञानवर्धक एवं यादगार बनाया। आरोग्य श्रृंखला के अगले सत्रों में आपकी सहभागिता हमें और भी बेहतर कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करेगी।

## संस्थान में 'हिन्दी पखवाड़ा' का आयोजन

**14–30 सितंबर, 2025**

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्थान द्वारा 'हिन्दी दिवस' के उपलक्ष्य में **14 से 30 सितंबर, 2025** तक (**हिन्दी पखवाड़ा**) का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य संस्थान में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए उत्साहवर्धक वातावरण सृजित करना तथा हिन्दी में मौलिक कार्य जैसे टिप्पणी, मसौदे, पत्राचार आदि को बढ़ाना है। पखवाड़े के दौरान निम्नलिखित हिन्दी प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा :–

| दिनांक / दिन / समय / स्थान | हिन्दी प्रतियोगिता / कार्यक्रम विवरण |
|---|---|
| **14.09.2025 (रविवार)**<br>(ई–मेल द्वारा) | **हिन्दी दिवस के अवसर पर संस्थान निदेशक का संदेश**<br>(संस्थान के सभी अधिकारियों एवं स्टाफ सदस्यों के लिए) |
| **16.09.2025 (मंगलवार)**<br>अपराह्न 3.00 बजे से ...<br>सीनेट कक्ष | **"हिन्दी भाषा का अतीत, वर्तमान एवं संभावनाएं" विषय पर हिन्दी कार्यशाला और प्रेरक व्याख्यान**<br>**वक्ता : प्रो. राकेश कुमार उपाध्याय, भारतीय जनसंचार संस्थान (IIMC)**<br>संस्थान के सभी संकाय सदस्यों, अधिकारियों, स्टाफ सदस्यों, संस्थान अनुबंध के आधार पर कार्यरत स्टाफ (जिसमें परामर्शदाता / आई.आर.डी. स्टाफ व बी.एच.एम. शामिल), आउटसोर्स स्टाफ तथा संस्थान के विद्यार्थीगण के लिए। |
| **18.09.2025 (गुरुवार)**<br>पूर्वाह्न 11.00 – 12.00 बजे<br>समिति कक्ष, केन्द्रीय पुस्तकालय<br>(अधिकारियों एवं स्टाफ सदस्यों के लिए)<br><br>अपराह्न 12.15 – 01.15 बजे<br>समिति कक्ष, केन्द्रीय पुस्तकालय<br>(विद्यार्थीगण के लिए) | **हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता**<br>(संस्थान के ग्रुप 'ए' अधिकारियों, ग्रुप 'बी' एवं 'सी' नियमित स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थीगण के लिए)<br>**विषय : सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) की ओर भारत की यात्रा**<br>(ग्रुप–'ए' अधिकारियों के लिए)<br>**विषय : भविष्य का भारत : तकनीक और परंपरा का संतुलन**<br>(ग्रुप–'बी' व 'सी' स्टाफ सदस्यों के लिए)<br>**विषय : पुस्तकों का भविष्य व भविष्य की पुस्तकें**<br>(संस्थान के विद्यार्थीगण के लिए) |
| **19.09.2025 (शुक्रवार)**<br>पूर्वाह्न 11.00 – 12.00 बजे<br>समिति कक्ष, केन्द्रीय पुस्तकालय | **राजभाषा एवं सामान्य हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता**<br>संस्थान के ग्रुप 'ए' अधिकारियों, ग्रुप 'बी' एवं 'सी' नियमित स्टाफ सदस्यों के लिए, संस्थान अनुबंध के आधार पर कार्यरत स्टाफ (जिसमें परामर्शदाता / आई.आर.डी. स्टाफ व बी.एच.एम. स्टाफ शामिल) तथा आउटसोर्स स्टाफ के लिए। |
| **22.09.2025 (सोमवार)**<br>पूर्वाह्न 11.00 – 12.00 बजे<br>समिति कक्ष, केन्द्रीय पुस्तकालय | **हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता**<br>संस्थान के ग्रुप 'बी' एवं 'सी' नियमित स्टाफ सदस्यों के लिए। |
| **24.09.2025 (बुधवार)**<br>पूर्वाह्न 11.00 – 12.00 बजे<br>समिति कक्ष, केन्द्रीय पुस्तकालय | **राजभाषा प्रशासनिक शब्दावली प्रतियोगिता**<br>संस्थान के ग्रुप 'ए' अधिकारियों, 'बी' एवं 'सी' नियमित स्टाफ सदस्यों के लिए। |
| **25.09.2025 (गुरुवार)**<br>पूर्वाह्न 11.00 बजे से<br>कंप्यूटर सेवा केंद्र (CSC) | **हिन्दी टंकण प्रतियोगिता (कंप्यूटर पर)**<br>संस्थान के ग्रुप 'बी' एवं 'सी' नियमित स्टाफ सदस्यों के लिए। |
| **30.09.2025 (मंगलवार)**<br>पूर्वाह्न 10.30 बजे से<br>सीनेट कक्ष | **स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता**<br>संस्थान के ग्रुप 'ए' अधिकारियों, ग्रुप 'बी' एवं 'सी' नियमित स्टाफ सदस्यों के लिए, संस्थान अनुबंध के आधार पर कार्यरत स्टाफ (जिसमें परामर्शदाता / आई.आर.डी. स्टाफ व बी.एच.एम. स्टाफ शामिल), आउटसोर्स स्टाफ तथा संस्थान के विद्यार्थीगण के लिए। |
| **30.09.2025 (मंगलवार)**<br>पूर्वाह्न 10.30 बजे से<br>सीनेट कक्ष | **हिन्दी समारोह**<br>● स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता<br>● 'जिज्ञासा' का विमोचन<br>● विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कारों की घोषणा... |

**विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए अन्य नियम व शर्तें**

1. **पात्रता**: हिन्दी कक्ष में कार्यरत कार्मिकों को छोड़कर संस्थान के ग्रुप 'ए' अधिकारी, 'बी' एवं 'सी' श्रेणी के सभी नियमित स्टाफ सदस्य, संस्थान अनुबंध के आधार पर कार्यरत स्टाफ (जिसमें परामर्शदाता, आई.आर.डी. स्टाफ तथा बी.एच.एम. स्टाफ शामिल), आउटसोर्स एजेन्सी के माध्यम से कार्यरत स्टाफ एवं संस्थान के विद्यार्थीगण अलग–अलग प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं।
2. **पुरस्कार** : प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को क्रमशः 5000/–रु., 4000/–रु. एवं 3000/–रु. की राशि के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार तथा 1000/–रु. राशि के दो प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।
3. किसी प्रतियोगिता में 06 से कम प्रतिभागी होने पर प्रतियोगिता रद्द कर दी जाएगी।
4. किसी भी प्रतिभागी को दो से अधिक प्रतियोगिताओं में पुरस्कार नहीं दिया जाएगा।
5. प्रतियोगिताओं के दौरान मोबाइल फोन आदि पूर्णतः वर्जित है।
6. विभिन्न प्रतियोगिताएं के विस्तृत नियम व शर्तें दी गई लिंक :

   https://owncloud.iitd.ac.in/nextcloud/index.php/s/4B5kLA9wye9cSZX पर उपलब्ध हैं।

   उपरोक्त सभी प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों की सूचना समय–समय पर ई–मेल के माध्यम से साझा की जाएगी। कृपया अपने विभाग/अनुभाग/प्रकोष्ठ में कार्यरत सभी स्टाफ सदस्यों को इन सभी प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित कीजिए। अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के पश्चात इच्छुक प्रतिभागी अपना विवरण (नाम, पदनाम, ग्रुप, प्रतियोगिता का नाम, विभाग/अनुभाग/प्रकोष्ठ आदि) दी गई लिंक : https://forms.gle/kNXDTdMWRw6wRi6a8 (अधिकारियों एवं स्टाफ सदस्यों के लिए) या https://forms.gle/kurbsmimZSqTiJ638 (विद्यार्थीगण के लिए) के माध्यम से या hindijournal@gmail.com (cc: hodhindi@admin.iitd.ac.in) पर **15 सितम्बर, 2025 (सोमवार)** तक अवश्य भेज दें।

## सेवानिवृत्तियाँ

संस्थान के निम्नलिखित संकाय/स्टाफ सदस्य अधिवर्षिता की आयु होने पर 31 अगस्त, 2025 को अपराह्न में संस्थान से सेवानिवृत्त हो रहे हैं :–

### डॉ. प्रज्ञा जैन (15428), सिस्टम मैनेजर, कम्प्यूटर सेवा केन्द्र



**डॉ. प्रज्ञा जैन** ने 23 मई, 1988 को संस्थान में कनिष्ठ प्रोग्रामर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। 24 फरवरी, 1998 में आपको सिस्टम प्रोग्रामर तथा 24 जनवरी, 2005 को वरिष्ठ सिस्टम प्रोग्रामर/मैनेजर एवं 11 अगस्त, 2017 को सिस्टम मैनेजर के रूप में पदोन्नत किया गया।

आपने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से मास्टर डिग्री में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। पीएच.डी. पूरी करने के पश्चात आप मई, 1988 को कंप्यूटर सेवा केंद्र में सिस्टम प्रोग्रामर के रूप में शामिल हुईं। तब से आप कंप्यूटर सेवा केंद्र में सिस्टम प्रबंधन, उपयोगकर्ता सहायता, समस्या समाधान तथा केंद्र के उन्नयन आदि में शामिल रही हैं। आपके कार्यभार ग्रहण के समय, संस्थान में मेन फ्रेम और डंब टर्मिनल थे। फिर डेस्कटॉप और रैक सर्वर का युग आया। आई.आई.टी. दिल्ली ने पैरेलल कंप्यूटिंग, ग्रिड कंप्यूटिंग और क्लाउड कंप्यूटिंग की स्थापना की गई। आप इन सभी उन्नयनों का एक अभिन्न अंग रही हैं।

आप पिछले 30 वर्षों से अधिक समय से गणित विभाग, वस्त्र विभाग और विद्युत इंजीनियरी विभाग में बी.टेक., एम.टेक. और एम.एससी. छात्रों के लिए नियमित पाठ्यक्रम पढ़ा रही हैं। आपने इस दौरान 50 से अधिक पीएच.डी., एम.टेक., एम.एससी. और बी.टेक. शोध प्रबंधों का मार्गदर्शन किया। आप क्यू. आई.पी. ग्रीष्मकालीन संकाय सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत अन्य संस्थानों के संकायों का मार्गदर्शन करती रही है। आपने इस कार्यक्रम के अंतर्गत 25 से अधिक संकायों का मार्गदर्शन किया। आपने ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत अन्य संस्थानों के 30 से अधिक छात्रों का भी मार्गदर्शन किया।

आप कई वर्षों तक गेट और जे.ई.ई. में कंप्यूटर प्रभारी रही हैं। आप वर्ष 2000 में जे.ई.ई. के कम्प्यूटरीकरण के लिए गठित टीम की सदस्य भी रही। इस वर्ष सभी 5 आई.आई.टी. द्वारा संयुक्त रूप से सॉफ्टवेयर का आंतरिक विकास किया गया था। इस सॉफ्टवेयर का उपयोग कई वर्षों तक जे.ई.ई. परिणाम तैयार करने के लिए किया गया था। आप यू.पी.एस.सी., डी.आर.डी.ओ. और विभिन्न निजी संस्थानों की चयन समितियों की सदस्य रही हैं। आपने देश भर के विभिन्न संस्थानों में अतिथि व्याख्यान दिए। आप कई डी.आर.डी.ओ. रक्षा परियोजनाओं के मूल्यांकन के लिए गठित टीम की सदस्य रही। आप दिल्ली सरकार की बाल शिक्षा परियोजना का भी हिस्सा रही हैं। इन वर्षों में, आपने समुदाय के लाभ के लिए 20 से अधिक सी.ई.पी. पाठ्यक्रम संचालित किए हैं।

सदैव अपने कार्यों में लगी रहने वाली एवं मृदु स्वभाव की डॉ. प्रज्ञा जैन अपने संकाय सहकर्मियों, विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों के बीच अत्यन्त लोकप्रिय रही हैं।

### श्री प्रकाश चन्द्र (27133), तकनीकी सहायक, सुरक्षा एकक



**श्री प्रकाश चन्द्र** ने 21 जुलाई, 1988 को संस्थान में ग्रुप 'डी' सुरक्षा गार्ड के रूप में 800-1150 /–रु. के वेतनमान मे कार्यभार ग्रहण किया था। 01 अगस्त, 1996 मे आपको 3050-4590/–रु. के वेतनमान में पदोन्नत किया गया। 01 अगस्त, 2008 में आपको आर.सी.पी.एस. के अन्तर्गत 5200-20200/–रु. के वेतनमान में 2400/–रु. के ग्रेड वेतन में उन्नयन दिया गया। 04 अप्रैल, 2016 में आपको ग्रुप 'डी' से ग्रुप 'सी' में कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक के रूप में नियोजित किया गया। 21 जुलाई, 2018 में एम.ए.सी.पी. के अन्तर्गत आपको लेवल–4 में उन्नयन दिया गया। 22 दिसम्बर, 2022 में आर. ऐन्ड पी.आर. के अन्तर्गत आपको पुनःपदनामित/नियोजित किया गया। मृदु स्वभाव एवं मिलनसार व्यक्तित्व के श्री प्रकाश चन्द्र एक मेहनती एवं कर्मठ तकनीकी सहायक रहे हैं।

संस्थान समुदाय उपरोक्त स्टाफ सदस्यों को भावभीनी विदाई देते हुए उनके व उनके परिवार के लिए सुख, समृद्धि एवं शांतिमय जीवन की कामना करता है।

हिन्दी कक्ष द्वारा सम्पादित एवं प्रकाशित दूरभाषः EPABX 7144

***मुद्रकः*** सागर प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, नई दिल्ली। ई–मेलः sagarprinters@gmail.com